वर्ष- 3 , अंक- 105
छपरा
14 मार्च शनिवार
2026
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live




# एलपीजी संकट: पंजाब में सिलेंडर लेकर भागते दिखे लोग, 2 हजार का सिलेंडर 4 हजार में बिक रहा

● कांग्रेस का दिल्ली में चूल्हे लेकर प्रदर्शन ● विपक्ष का संसद के बाहर प्रदर्शन

**नई दिल्ली,एजेंसी।** अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग की वजह से देशभर में LPG की किल्लत हो गई है। गैस एजेंसियों के बाहर लम्बी लाइनें हैं। गैस सिलेंडर की कालाबाजारी और जमाखोरी भी हो रही है।

कॉमर्शियल सिलेंडर की 4 दिन से सप्लाई नहीं हो पा रही है। वहीं पंजाब में लोग सिलेंडर लेकर भागते नजर आए। केरल में गैस किल्लत से करीब 40% रेस्टोरेंट बंद होने की कगार पर है।

उधर, दिल्ली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने LPG सप्लाई की बिगड़ी स्थिति को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। विरोध जताने के लिए अपने साथ मिट्टी के चूल्हे लेकर आए थे।

**राजस्थान: गैस सप्लाई ठप, सिलेंडर की शवयात्रा निकाली :** होटल-रेस्टोरेंट में गैस का स्टॉक खत्म होने से बिजनेस ठप होने लगे हैं। कई जगह ताले भी लटकने लगे हैं। वहीं कोटा समेत कई शहरों में हॉस्टल मेस और ढाबों में मजबूरी में लकड़ी, कोयले और इलेक्ट्रिक चूल्हों पर खाना बनाया जा रहा है।कई शहरों में एजेंसियों पर सुबह 5 बजे से ही लंबी लाइनें लग रही हैं और सिलेंडर न मिलने पर लोगों की पुलिस से झड़प तक हो रही है। इस संकट के बीच सिलेंडर की कालाबाजारी भी हो रही है, जिसके विरोध में कांग्रेस ने जयपुर में सिलेंडर की शवयात्रा निकाली।





**उत्तर प्रदेश: चूड़ी से लेकर पेठा फैक्ट्रियां तक बंद :** यूपी में फैक्ट्रियों को गैस सप्लाई नहीं हो रही है। इसका असर पॉटरी, चूड़ी से लेकर पेठा फैक्ट्रियों तक पड़ रहा। बुलंदशहर में एशिया के सबसे बड़े पॉटरी उद्योग पर पड़ा है। यहां 300-325 यूनिट में से 95% पॉटरी यूनिट बंद हैं। 30 हजार से ज्यादा वर्कर्स बेरोजगार हो गए हैं। यही हाल फिरोजाबाद में बनने वाली चूड़ियों और आगरा की पेठा फैक्ट्रियों का है। गैस की सप्लाई नहीं मिलने से भट्ठियां बंद हैं। 55 बड़ी फैक्ट्रियों में से 40 बंद हो चुकी हैं। अगर गैस की सप्लाई शुरू नहीं हुई तो आगरा में बनने वाली चांदी की पायल पर भी संकट आ सकता है।

## गांवों में 45 दिन बाद मिलेगा दूसरा घरेलू एलपीजी सिलेंडर

**नई दिल्ली,एजेंसी।** अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग की वजह से देशभर में LPG की किल्लत हो गई है। गैस एजेंसियों के बाहर लम्बी लाइनें हैं। गैस सिलेंडर की कालाबाजारी और जमाखोरी भी हो रही है, जिसे रोकने के लिए सरकार ने बुकिंग के नियमों में फिर से बदलाव किया है। अब ग्रामीण क्षेत्रों में सिलेंडर लेने के बाद अगला सिलेंडर 45 दिन बाद बुक किया जा सकेगा। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने संसद में बताया कि यह फैसला सप्लाई को बेहतर तरीके से मैनेज करने और बेवजह होने वाली 'पैनिक बुकिंग' को रोकने के लिए किया है। **55 दिन की बजाय 15 दिन में बुक करा रहे लोग :** गांवों में औसतन एक परिवार सालभर में करीब 5 सिलेंडर ही इस्तेमाल करता है। ऐसे में जल्दी दोबारा बुकिंग की जरूरत नहीं पड़ती थी।

## प्रचलित मनुस्मृति के कुछ हिस्सों के ब्रिटिशकाल में संपादित होने की आशंका, पांडुलिपियों की जांच की मांग उठी

### आईआईएमसी के प्रो. राकेश ने मूल पांडुलिपियों व दस्तावेजों की जांच की मांग की




**लखनऊ,एजेंसी।** मनुस्मृति को लेकर एक बार फिर बहस तेज होती दिखाई दे रही है। कुछ विद्वानों ने दावा किया है कि आज प्रचलित मनुस्मृति के कई हिस्से ब्रिटिश काल में संपादित या प्रक्षेपित किए गए हो सकते हैं। इस संदर्भ में भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) के प्रो. राकेश उपाध्याय ने ऐतिहासिक दस्तावेजों और पांडुलिपियों की पुनः जांच कराने की मांग उठाई है। शुक्रवार को प्रो. राकेश उपाध्याय ने कहा कि मनुस्मृति के बारे में यह जानना जितना महत्वपूर्ण है कि इसे कब लिखा गया, उससे कहीं बड़ा प्रश्न यह है कि इसमें समय-समय पर संशोधन या प्रक्षेपण कब-कब हुए। बताया जा रहा है कि मनुस्मृति का पहला मुद्रित संस्करण ब्रिटिश शासनकाल में प्रिंटिंग प्रेस के माध्यम से प्रकाशित हुआ था। इतिहास के अनुसार 18वीं सदी में ब्रिटिश अधिकारियों के निर्देश पर इस ग्रंथ का संपादन और प्रकाशन कराया गया था। उस समय हिंदू समाज के लिए विधि-संहिता तैयार करने के उद्देश्य से विभिन्न पांडुलिपियों का संकलन कर एक समिति को सौंपा गया था। ऐसे में विद्वानों का आरोप है कि उस प्रक्रिया के दौरान मूल पांडुलिपियों की प्रमाणिकता की पर्याप्त जांच नहीं हुई और संभव है कि अलग-अलग स्रोतों से प्राप्त अंशों को जोड़कर ग्रंथ तैयार किया गया हो। इसी कारण मनुस्मृति में कुछ विरोधाभासी श्लोक भी देखने को मिलते हैं। संभवता इसीलिए मनुस्मृति के मूल स्वरूप और उसके वर्तमान संस्करण को लेकर नए प्रश्न उठ रहे हैं।

## अब बिना लाइसेंस नहीं बेच पाएंगे दूध, होगी कड़ी कार्रवाई; मिलावट की घटनाओं को देखते हुए एडवाइजरी जारी



**नई दिल्ली,एजेंसी।** देशभर में दूध और डेरी उत्पादों में बढ़ती मिलावट की शिकायतों को देखते हुए भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआइ) ने दूध उत्पादन और उसकी बिक्री के लिए लाइसेंस अनिवार्य कर दिया है। अब कोई भी व्यक्ति या संस्था बिना उचित पंजीकरण या लाइसेंस के दूध का कारोबार नहीं कर सकेगी।

डेरी सहकारी समितियों के सदस्यों को लाइसेंस नहीं लेना होगा यानी जो किसान या पशुपालक किसी रजिस्टर्ड सहकारी समिति से जुड़े हैं और उन्हें दूध देते हैं, उन्हें व्यक्तिगत रूप से अलग लाइसेंस लेने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके लिए एफएसएसएआइ ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राज्य खाद्य आयुक्तों को एडवाइजरी जारी की है। नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

एफएसएसएआइ ने बताया कि कुछ दूध उत्पादक और दूध विक्रेता खुद को पंजीकृत किए बिना या लाइसेंस लिए बिना कारोबार कर रहे हैं। इसके लिए राज्य के खाद्य आयुक्तों से कहा गया है कि पंजीकरण-लाइसेंसिंग की जरूरतों का सख्ती से पालन किया जाए।

दो दिन के असम दौरे पर पीएम मोदी

## गुवाहाटी पहुंचे पीएम मोदी, कोकराझार का दौरा रद्द:राज्य में 48,000 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन-शिलान्यास करेंगे

### 3 नई ट्रेनों की शुरुआत करेंगे

**गुवाहाटी,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार से दो दिन के असम दौरे पर हैं। दोपहर करीब 1.30 बजे वे गुवाहाटी पहुंचे। पीएम गुवाहाटी के अलावा कोकराझार और सिलचर का दौरा करने वाले थे, लेकिन खराब मौसम के चलते उनका कोकराझार का दौरान रद्द कर दिया गया है।

अब पीएम गुवाहाटी से सिलचर जाएंगे। यहां वे 47,800 करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

पीएम यहां से नॉर्थ ईस्ट के लिए 3 नई ट्रेनों की शुरुआत भी करेंगे। जारी शेड्यूल के मुताबिक पीएम शाम 5 बजे गुवाहाटी में करीब 19,680 करोड़ रुपए के कई प्रोजेक्ट्स देश को समर्पित करेंगे। यहीं से कोकराझार के 4570 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स की भी शुरुआत करेंगे।

14 मार्च को सुबह करीब 10:45 बजे प्रधानमंत्री सिलचर में भूमि पूजन करेंगे और करीब 23,550 करोड़ रुपए के अलग-अलग प्रोजेक्ट्स देश को समर्पित करेंगे।

**पीएम ने X पर लिखा- राज्य की NDA सरकार तारीफ के काबिल**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोशल मीडिया X पर एक पोस्ट में चाय किसानों को पट्टा वितरण को लेकर लिखा कि ये न्याय और सम्मान की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम। मैं इसके लिए असम में NDA सरकार की तारीफ करता हूं। हमें चाय बागान परिवारों की मेहनत पर गर्व है और हम हमेशा उनकी भलाई के लिए काम करेंगे।



**हाइड्रो प्रोजेक्ट के उद्घाटन से क्षेत्र के लोगों को फायदा**

पीएम के असम के दीमा हसाओ और वेस्ट कार्बी आंगलोंग जिलों में मौजूद कोपिली हाइड्रो-इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट देश को समर्पित करेंगे। 2,300 करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत से बना यह प्रोजेक्ट क्लीन एनर्जी जेनरेशन को बढ़ाएगा, इलाके में ग्रिड स्टेबिलिटी में सुधार करेगा और घरों, किसानों और इंडस्ट्रीज़ को भरोसेमंद बिजली सप्लाई पक्का करेगा।प्रधानमंत्री ऑयल इंडिया लिमिटेड की नुमालीगढ़-सिलीगुड़ी प्रोडक्ट पाइपलाइन (NSPL) का कैपेसिटी बढ़ाने का प्रोजेक्ट देश को समर्पित करेंगे। यह प्रोजेक्ट और पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स को निकालने में मदद करके नुमालीगढ़ रिफाइनरी को 3 MMTPA से 9 MMTPA तक बढ़ाने में मदद करेगा।प्रधानमंत्री इसके साथ ही रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन करेंगे। इसमें लगभग 420 करोड़ रुपए की लागत से बनी रंगिया-मुरकोंगसेलेक रेल लाइन इलेक्ट्रिफिकेशन (558 km) और लगभग 1,180 करोड़ रुपये की लागत से बनी चपरमुख-डिब्रूगढ़ रेल लाइन इलेक्ट्रिफिकेशन (571 km) शामिल हैं।

पीरियड्स में पेड लीव की मांग

## सुप्रीम कोर्ट बोला: कानून बनाया तो महिलाओं को कोई काम नहीं देगा


### सरकार पॉलिसी बनाने पर विचार करे

**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को देशभर में महिला छात्रों और कामकाजी महिलाओं को पीरियड्स में पेड लीव देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई की। CJI सूर्यकांत ने कहा कि ऐसी याचिकाएं अनजाने में महिलाओं के बारे में बनी रूढ़ियों को और मजबूत कर सकती हैं।

CJI ने कहा- ये याचिकाएं डर पैदा करने के लिए, महिलाओं को हीन दिखाने के लिए, यह जताने के लिए दायर की जाती हैं कि पीरियड्स उनके साथ होने वाली कोई बुरी चीज है। यह उनका पॉजिटिव राइट है, लेकिन उस नियोक्ता के बारे में सोचिए, जिसे पेड लीव देनी होगी।

CJI सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने सुनवाई के दौरान मेंस्ट्रुअल लीव को अनिवार्य बनाने के संभावित सामाजिक परिणामों के बारे में चिंता जाहिर की। साथ ही याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने याचिकाकर्ता के अधिकार क्षेत्र पर भी सवाल उठाया और कहा कि इस मामले को लेकर खुद कोई महिला कोर्ट में नहीं आई है।

**मेंस्ट्रुअल लीव का मुद्दा तीसरी बार कोर्ट लेकर पहुंचा याचिकाकर्ता :** पेड मेंस्ट्रुअल लीव की याचिका लेकर शैलेंद्र मणि तीसरी बार सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। पहली याचिका का निपटारा फरवरी 2023 में किया गया था, जिसमें याचिकाकर्ता को केंद्रीय महिला एवं बाल मंत्रालय के समक्ष अपना पक्ष रखने की अनुमति दी गई थी। 2024 में याचिकाकर्ता ने फिर कोर्ट में याचिका लगाई और कहा कि मंत्रालय ने उनके पक्ष में दिए गए जवाब पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। उस याचिका का निपटारा जुलाई 2024 में किया गया था, जिसमें केंद्र सरकार से नीतिगत निर्णय लेने को कहा गया था।




**पेड मेंस्ट्रुअल लीव पर सीजेआई के कमेंट्स**

- मान लीजिए आप पूरे प्राइवेट सेक्टर को महीने में एक बार छुट्टी लेने का अधिकार देते हैं तो यह उनके विकास के लिए नुकसानदायक हो सकता है। आपको वर्क प्लेस पर बनने वाली मानसिकता का अंदाजा नहीं है।
- इस पर कानून बना तो महिलाओं के करियर को होने वाले नुकसान का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाएगा। कोई भी उन्हें जिम्मेदारियां नहीं देगा, यहां तक कि ज्यूडीशियल सर्विस में भी, उन्हें सामान्य मुकदमे नहीं सौंपे जाएंगे।
- हम निर्देश देते हैं कि सक्षम प्राधिकारी सुप्रीम कोर्ट के24 फरवरी 2023 और 8 जुलाई 2024 के आदेशों के जरिए दिए गए निर्देशों पर विचार करे और एक नीति तैयार करे।

## ट्रम्प बोले- ईरानी सरकार के लोगों को मारना सम्मानजनक:वे कई साल से निर्दोषों की हत्या कर रहे

### न्यूयॉर्क टाइम्स पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया

**तेल अवीव/ तेहरान, एजेंसी।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 14वां दिन है। डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि ईरान की सरकार से जुड़े लोगों को मारना उनके लिए 'बहुत बड़ा सम्मान' है।

ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि अमेरिका, ईरान की सरकार को हर तरह से कमजोर कर रहा है। उनके मुताबिक अमेरिका सैन्य और आर्थिक तरीके से ईरान पर दबाव बना रहा है।

ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान की नौसेना और वायुसेना को काफी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान की मिसाइल और ड्रोन क्षमता को तेजी से खत्म किया जा रहा है और उसके कई नेता मारे जा चुके हैं।



ट्रम्प ने यह भी कहा कि ईरान पिछले 47 साल से दुनिया भर में निर्दोष लोगों को मारता रहा है और अब मैं अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के तौर पर, उनके खिलाफ कार्रवाई कर रहा हूं। उन्होंने अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स की भी आलोचना की। ट्रम्प ने लिखा कि अमेरिका, ईरान के शासन को सैन्य, आर्थिक और दूसरे तरीकों से पूरी तरह तबाह कर रहा है, लेकिन अगर कोई न्यूयॉर्क टाइम्स पढ़े तो उसे लगेगा कि अमेरिका जीत ही नहीं रहा है।

संसदीय समिति की सिफारिश

## मोची जूते के कारीगर और नाई कहलाएंगे सौंदर्य सेवा प्रदाता, जाति नहीं हुनर से हो पहचान

**नई दिल्ली,एजेंसी।** वह वक्त अब दूर नहीं जब समाज में सदियों से चली आ रही जाति-सूचक व्यावसायिक पहचान इतिहास बन जाएगी। अब मोची को जूते का कारीगर, कुम्हार को मिट्टी के उत्पाद निर्माता, धोबी लॉन्ड्री एवं क्लीनिंग सर्विस प्रोवाइडर और नाई को व्यक्तिगत सौंदर्य सेवा प्रदाता (पर्सनल केयर सर्विस प्रोवाइडर) के नाम से जाना जाएगा।

तिरुची शिवा की अध्यक्षता वाली उद्योग संबंधी संसदीय स्थायी समिति ने सिफारिश की है कि व्यवसाय के नामों से जाति और क्षेत्र आधारित पहचान को तत्काल हटाकर उन्हें पेशा-निरपेक्ष बनाया जाए। समिति ने सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्योग (एमएसएमई) मंत्रालय को सुझाव दिया है कि इन व्यवसायों को जाति की संकीर्ण पहचान से निकालकर 'कार्य-आधारित' और गतिशील नाम दिए जाएं।



## शिक्षा के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करेगा उत्तर प्रदेश: राजनाथ सिंह

**लखनऊ,एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश, एक व्यापक दृष्टि के साथ आगे बढ़ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में हम सबने देखा है कि राज्य ने सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की है। इन्फ्रास्ट्रक्चर,इन्वेस्टमेंट,इण्डस्ट्री और एजूकेशन इन सभी क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश ने नई गति प्राप्त की है। मुझे विश्वास है कि इसी प्रकार के प्रयासों के कारण, आने वाले वर्षों में उत्तर प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में भी, नए मानक स्थापित करेगा। यहाँ के शैक्षणिक संस्थान, केवल प्रदेश के ही नहीं बल्कि पूरे देश के छात्रों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेंगे।

केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को लखनऊ के गोल्फ सिटी में सिटी मान्टेसरी स्कूल के नए भवन का उदघाटन के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। राजनाथ सिंह ने कहा कि जब किसी शहर की पहचान, उसकी सड़कों और इमारतों से आगे बढ़कर, उसके शैक्षिक और सांस्कृतिक संस्थानों से बनने लगती है, तब वह शहर वास्तव में समाज के भविष्य को आकार दे रहा होता है।



रक्षा मंत्री ने कहा कि आज प्रदेश में, केवल स्कूल और कालेज खोलने पर ही ध्यान नहीं दिया जा रहा। यहाँ एक ऐसा इकोसिस्टम तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसमें बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ, एक सकारात्मक सीखने का वातावरण विकसित हो सके। उन्होंने कहा स्कूल केवल ज्ञान देने की जगह नहीं होता, वह मनुष्य निर्माण की प्रयोगशाला भी होता है। वहाँ केवल गणित,विज्ञान या भाषा नहीं सिखाई जाती, वहाँ जीवन के मूल्य भी सिखाए जाते हैं। हमको अपने बच्चों के शिक्षा के साथ-साथ व्यक्तित्व पर भी ध्यान देना जरूरी है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य है कि व्यक्ति अपने ज्ञान का उपयोग केवल अपने लिए नहीं बल्कि समाज की प्रगति के लिए भी करे। बच्चे स्कूल में पढ़ते जरूर हैं लेकिन उनका व्यक्तित्व घर में बनता है। स्कूल उन्हें ज्ञान और अनुशासन देता है, जबकि घर उन्हें जीवन का अनुभव, संवेदनशीलता और संस्कार देता है। अच्छी नौकरी, अच्छा पैकेज या किसी प्रतिष्ठित संस्थान में प्रवेश मिल जाना ही जीवन की पूरी सफलता नहीं है। वास्तविक सफलता तब होती है, जब व्यक्ति अपने ज्ञान और विचारों से, समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सके। बच्चों को केवल अंक लाने के लिए नहीं बल्कि जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करना जरूरी है।

# जहरीली शराब कांड का फिर कहर, दो दिनों में संदिग्ध हालात में पांच लोगों की मौत



डीएम और वरीय एसपी ने मशरक सरकारी अस्पताल का किया निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर/पानापुर/मशरक/छपरा।** सारण जिले के मशरक व पानापुर थाना क्षेत्र में बीते दो दिनों में पांच लोगों की संदिग्ध हालात में मौत हो गई, जबकि आधे दर्जन लोगों की हालत बिगड़ने पर उन्हें इलाज के लिए भर्ती किया गया है। इस घटना के बाद इलाके में फिर से जहरीली शराब कांड की अंदेशा से हड़कंप मच गया है। मृतकों की पहचान पूरब टोला गांव निवासी स्वर्गीय उमेश सिंह के 40 वर्षीय पुत्र पंकज कुमार सिंह तथा पशुराम महतों के 45 वर्षीय पुत्र रघुवर महतों के रूप में हुई है। बताया जाता है कि पंकज कुमार सिंह की मौत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक के मुख्य गेट पर ही हो गई, जबकि रघुवर महतों की मौत सदर अस्पताल छपरा में इलाज के दौरान हुई। हालत बिगड़ने पर पूरब टोला गांव निवासी बबन महतो, मिंटू महतों , कुंदन महंतों , राजेश्वर महतो तथा किशुनपुरा गांव निवासी दूधनाथ शर्मा को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर किया गया है। बताया जाता है कि रघुवर महंतों पिछले दो दिनों से शराब बेचने के आरोप में पुलिस हिरासत में था। इसी दौरान उसकी तबीयत बिगड़ने पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया, जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। रेफर किए गए लोगों ने बताया कि उन्होंने शराब पी थी। इसके बाद उन्हें धुंधला दिखने और घबराहट की शिकायत होने लगी, जिसके बाद वे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे। बताया जा रहा है कि दो दिन पहले भी तख्त टोला गांव में संतोष महंतों की मौत हुई थी। हालांकि परिजनों ने बीमारी से मौत की बात कही थी, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि उसकी मौत भी जहरीली शराब पीने से हुई थी। हालांकि प्रशासन इसकी आधिकारिक तौर अभी तक संदिग्ध परिस्थितियों में ही मौत मान रही हैं। पर घटना के बाद पुलिस और प्रशासन मामले की जांच में जुट गई है और आसपास के क्षेत्रों में भी शराब के अवैध बिक्री, निर्माण और भंडारण के खिलाफ ताबड़ तोड़ छापेमारी कर रही है।बता दें कुछ वर्ष पूर्व मशरक में बड़ी जहरीली शराब कांड में दर्जनों लोगों की मौत हुई थी। फिलहाल के मामले में डीएम वैभव श्रीवास्तव, वरीय एसपी विनीत कुमार, एसडीओ मढ़ौरा समेत कई अन्य पदाधिकारी मशरक पहुंचे। उन्होंने सरकारी अस्पताल का निरीक्षण किया। प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित किया गया।

## पानापुर में भी दो लोगों की हो चुकी है संदिग्ध मौत

थाना क्षेत्र के अलग अलग गावों में दुबौली दक्षिण टोला निवासी जगन्नाथ राय के 42 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र राय की जहरीला पेय पदार्थ पीने से मौत हो गयी. वही जहरीला पेय पदार्थ का सेवन किये लगभग आधे दर्जन लोगों का अन्यत्र इलाज चल रहा है. जहरीला पेय पदार्थ के सेवन से हुई मौत की गुरूवार को सूचना मिलते ही प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया. बताया जाता है कि बुधवार की रात धेनुकी गांव निवासी 50 वर्षीय सुकन नट की अचानक तबीयत बिगड़ गयी. परिजन उसे इलाज के लिए सीएचसी पानापुर लाये जहाँ उसकी मौत हो गयी. परिजन आनन फानन में शव को ठिकाने लगा दिए. इस बीच दुबौली गांव निवासी धर्मेंद्र की भी तबीयत बिगड़ने लगी और आंख से कम दिखाई देने लगा. परिजन उन्हें इलाज के लिए पटना ले गए जहां इलाज के दौरान गुरुवार की दोपहर उसकी मौत हो गयी. मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और वे थाने पहुंच गए. पटना से मृत धर्मेन्द्र का शव जैसे ही पानापुर पहुंचा ग्रामीण आक्रोशित हो गए एवं शव को थाने के मुख्य द्वार पर रख दिया. परिजन एवं ग्रामीण आरोप लगा रहे थे कि थाना क्षेत्र में खुलेआम बिक रहे शराब के कारण धर्मेंद्र की मौत हुई है. वे शव को पोस्टमार्टम कराने की मांग कर रहे थे. इस बीच घटना की गंभीरता को देखते हुए तरैया थाने की पुलिस भी पहुंची थे. बाद में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेजवाया. वही बताया जाता है कि खजुरी, दुबौली एवं धेनुकी गांव के आधे दर्जन लोगों का चोरी छिपे इलाज चल रहा है. गुरूवार को ही डीएम वैभव कुमार श्रीवास्तव, वरीय एसपी विनीत कुमार, एसडीएम मढ़ौरा निधि राज ने पानापुर थाना पहुंच क्षेत्र के संदिग्ध मौत पर जानकारी ली और स्थानीय प्रशासन को एहतियातन जरूरी निर्देश दिए।

# अलर्ट – डीएम और वरीय एसपी ने सीएचसी का किया निरीक्षण



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक में जहरीला शराब कांड के बाद डीएम वैभव श्रीवास्तव और वरीय एसपी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में पहुंच स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की। सिविल सर्जन राजकुमार चौधरी, मढ़ौरा एसडीओ निधि राज, डीपीएम अरविंद कुमार भी मौजूद रहे। वहीं मौके पर प्रभारी डॉ अनंत नारायण कश्यप, डॉ चन्द्रशेखर सिंह, स्वास्थ्य प्रबंधक अमित कुमार समेत अन्य कई मौजूद रहे। डीएम के निर्देशानुसार जिले के सभी प्रखंडों में पंचायत राज जनप्रतिनिधियों, जीविका दीदियों, पीडीएस डीलरों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और एएनएम के साथ प्रखंड स्तर पर बैठक आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में मशरक प्रखंड में आयोजित बैठक में डीएम वैभव श्रीवास्तव एवं उप विकास आयुक्त लक्ष्मण तिवारी भी मौजूद रहे।बैठक में डीएम ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, जीविका दीदियों व अन्य सदस्यों से अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने का आग्रह किया। उन्होंने अवैध शराब के निर्माण और बिक्री से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी प्रशासन को गुप्त रूप से उपलब्ध कराने की अपील की।बैठक के दौरान उपस्थित लोगों से बारी-बारी से फीडबैक भी लिया गया। इस दौरान कुछ महत्वपूर्ण सूचनाएं साझा की गईं, जिस पर संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। डीएम ने कहा कि सभी लोग प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और सेवन को समाप्त करने के लिए प्रभावी कार्रवाई में सहयोग करें।

# औरंगाबाद में करंट लगने से युवक की मौत

**मसूर की कटाई कर खेत से घर लौट रहा था**

**औरंगाबाद,एजेंसी।** औरंगाबाद में करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। खेत से फसल लेकर घर लौट रहा था। मृतक की पहचान राजापुर गांव निवासी तपेश्वर रजक के पुत्र विकास कुमार( 23 ) के तौर पर हुई है। घटना गोह थाना क्षेत्र की है। पिता ने बताया कि बधार में रबी फसल की कटाई करने गया था। खेत में मसूर की फसल काटने के बाद वह बोझा सिर पर रखकर घर वापस लौट रहा था। रास्ते में कम ऊंचाई पर झूल रहा बिजली का हाईटेंशन तार उसे दिखाई नहीं दिया। बोझा तार में फंस गया। जिसके बाद तार हटाने की कोशिश करने लगा। हाईटेंशन तार के संपर्क में आते में झटका लगा। गंभीर रूप से झुलस गया। आसपास के लोगों ने शोर मचाया, जिसके बाद परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में ग्रामीणों की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।जांच में जुटी पुलिस : थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचे। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।पढ़ाई के साथ खेती भी करता था : विकास चार भाइयों में तीसरे स्थान पर था। अभी उसकी शादी नहीं हुई थी। गेजुएशन में था, पढ़ाई के साथ-साथ खेतीबाड़ी में भी परिवार का सहयोग करता था। ग्रामीणों का कहना है कि खेतों के पास कई जगहों पर बिजली के तार काफी नीचे झूल रहे हैं, जिससे आए दिन हादसे की आशंका बनी रहती है। ऐसे तारों को जल्द से जल्द ठीक करना चाहिए।

# गिट्टी लदे हाइवा से 56 लाख की शराब बरामद

**564 पेटी दारू जब्त**

**जमुई,एजेंसी।** जमुई में उत्पाद विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। गुप्त सूचना के आधार पर गिट्टी लदे एक हाइवा से 56 लाख 40 हजार रुपये मूल्य की अंग्रेजी शराब जब्त की गई। इस दौरान वाहन चालक को भी गिरफ्तार कर लिया गया। उत्पाद विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि जमुई के रास्ते एक हाइवा से अवैध शराब की बड़ी खेप लाई जा रही है। सूचना मिलते ही विभाग के सचिव और जिलाधिकारी के निर्देश पर उत्पाद अधीक्षक सुभाष कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। 5063.400 लीटर शराब बरामद : टीम ने चकाई बामदह के पास संदिग्ध हाइवा को रोककर तलाशी ली। प्रारंभिक जांच में वाहन में गिट्टी लदी हुई थी, लेकिन गिट्टी हटाने पर उसके नीचे विभिन्न ब्रांड की 564 पेटी अंग्रेजी शराब छिपाई हुई मिली। जब्त शराब की कुल मात्रा 5063.400 लीटर है। मौके से वाहन चालक विजय यादव को गिरफ्तार किया गया है। वह सिमुलतला थाना क्षेत्र के लहावन वार्ड संख्या-04 का निवासी है। 56.40 लाख बाजार में कीमत : उत्पाद अधीक्षक सुभाष कुमार ने बताया कि बरामद शराब की बाजार कीमत लगभग 56 लाख 40 हजार रुपये है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि यह खेप देवघर से झाझा की ओर लाई जा रही थी।पुलिस अब गाड़ी के मालिक और इस तस्करी में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने में जुटी है। चालक से पूछताछ कर पूरे नेटवर्क का खुलासा करने का प्रयास किया जा रहा है। उत्पाद विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# मशरक-पानापुर में हुई संदिग्ध मौत के बाद प्रशासन अलर्ट

*शराब के अवैध निर्माण, बिक्री व भंडारण पर कड़ी नजर, ताबड़तोड़ छापेमारी*



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** मशरक पानापुर में कई लोगों की संदेहास्पद मौत के बाद मढ़ौरा में भी प्रशासन अलर्ट मोड में है। शुक्रवार की शाम नगर पंचायत के सभागार में अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों एवं संविदा कर्मियों के साथ बैठक की। जिसमें मढ़ौरा बीडीओ अभिषेक कुमार प्रभाकर ने प्रखंड एवं नगर क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों पर नकेल कसने के लिए उपस्थित लोगों से सुझाव मांगे और निर्देश भी दिए। अधिकारियों ने कहा कि अपने अपने क्षेत्र में शराब निर्माण, बिक्री एवं भंडारण की जानकारी सीधे अधिकारियों को दीजिए, इसमें सूचक का नाम गोपनीय रखा जाएगा। वही शराब के अवैध निर्माण बिक्री एवं भंडारण पर पुलिस प्रशासन की सख्ती है और कारोबारियों के संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। इस मौके पर अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी रणंजय कुमार,नपं कार्यपालक पदाधिकारी हरिश्चंद्र, राजस्व अधिकारी तरुण कुमार, स्वच्छता पदाधिकारी रश्मि कुमारी, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र राय, विकास मित्र अमित कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

# जनगणना कार्य निदेशक ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का लिया जायजा



**सारण के क्षमतावर्द्धन टेस्ट माड्यूल को सराहा, अन्य जिलों को भी अपनाने की सलाह**

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जनगणना कार्य राज्य निदेशक एम रामचंद्रुडु ने शुक्रवार को सारण समाहरणालय में जारी जिला स्तरीय प्रशिक्षण की समीक्षा की. उन्होंने कहा कि चार्ज अधिकारी और जिला स्तरीय पदाधिकारी जनगणना कार्य के लीडर हैं. उनके नेतृत्व में ही काम होना है. इसलिए उनको सभी तकनीकी और व्यावहारिक पहलुओं की सटीक जानकारी होनी चाहिए. जितने अच्छे से प्रशिक्षण ग्रहण करेंगे वास्तविक कार्य के समय उतनी ही कम परेशानी होगी. किसी स्तर पर कोई भी भ्रम की स्थिति न रहे. हर आने वाली समस्या का निदान पहले से जान लें. फिल्ड कार्य के पहले सीएमएमएस और एचएलबीसी पोर्टल का संचालन व ऑपरेशन ठीक से सीख लें.

**हिन्दी में आएगा प्रेजेंटेशन**

निदेशक ने प्रश्नोत्तर विधि अपनाते हुए सभी प्रशिक्षुओं से फीड बैक लिया. उन्होंने स्टेट मास्टर ट्रेनर के प्रशिक्षण प्रक्रिया की समीक्षा की. फीड बैक में प्रशिक्षुओं से पीपीटी के अंग्रेजी भाषा में होने पर आने वाली दिक्कतों पर कहा कि यह राष्ट्र स्तरीय मैनुअल है. परंतु राज्य निदेशालय हिन्दी में पीपीटी तैयार कर रहा है. जल्द ही आप सबको उपलब्ध करा दिया जाएगा. उन्होंने मैनुअल और सर्कुलर का अध्ययन करने का निदेश दिया.

**ऑनलाईन टेस्ट प्रक्रिया की सराहना**

उन्होंने सारण एनआईसी द्वारा डेवलप किए गए टेस्ट प्रक्रिया की सराहना की. कहा कि इस मॉड्यूल को बिहार के अन्य जिलों से भी साझा करें. यह जांच के साथ क्षमतावर्द्धन में भी सहायक है. इससे सबको लाभ होगा. मौके पर प्रशिक्षुओं से टेस्ट माड्यूल के तहत ऑनलाईन प्रश्न जारी करते हुए उत्तर लिए गए. इसके तहत एक प्रश्न 45 सेकंड तक मल्टिपुल उत्तर के साथ स्क्रीन पर प्रदर्शित होता है. ऐसे तीस प्रश्न पूछे गए. अंत में सबसे अधिक सही जवाब देने वाले, सबसे कम समय में जवाब देने वाले कर्मियों की सराहना की गयी. इस माड्यूल में हर कर्मी का सही और गलत उत्तर के अनुसर रैंक भी प्रदर्शित होता है.

## डीएम ने किया स्वागत

प्रधान जनगणना अधिकारी सह जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने निदेशक का स्वागत करते हुए बताया कि जिले के सभी चार्ज अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न किया जा चुका है. अब चार्ज के तीन से चार तकनीकी कर्मियों का प्रशिक्षण किया जा रहा है. उन्होंने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि वास्तविक कार्य के पहले जितना अधिक हो सके टेबलटॉप कार्य और फिल्ड वर्क पूरा कर लें. पूरी तरह आश्वस्त होने पर ही पोर्टल पर डाटा की अंतिम प्रविष्टि करें. इससे गलती और त्रुटि की संभावना नहीं होगी. इस अवसर पर अवर जनगणना अधिकारी सह डीआईओ तारणी कुमार ने टेस्ट प्रक्रिया का संचालन किया. राज्य स्तरीय मास्टर प्रशिक्षक सह सीसीएलआर सदर आलोक राज ने शंका निवारण किया. जनगणना निदेशालय से आई स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर अदिती आनंद व जुली कुमारी ने प्रशिक्षण संचालन किया. मौके पर जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी रविन्द्र कुमार, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अंजनी कुमार लाल, एनडीसी रवि कुमार, सहायक जिला सांख्यिकी पदाधिकारी धर्मजय आदि उपस्थित थे.

## चाकूबाजी में घायल युवक की मौत

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मढ़ौरा बाजार में चाकूबाजी की घटना में एक युवक की मौत हो गई। मृतक युवक मढ़ौरा खास गांव के मोहम्मद इदरीश मियां का 20 वर्षीय पुत्र सलीम बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार देर शाम को मढ़ौरा सब्जी मंडी के समीप के मार्केट में एक प्रचून दुकान पर काम कर रहे युवक सलीम से कुछ युवकों की विवाद बढ़ गई और बदमाश युवकों ने चाकू से हमला कर दिया। लोगों ने आनन फानन में स्थानीय अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। लेकिन घायल युवक की हालत गंभीर देख डाक्टर ने छपरा रेफर कर दिया। जहां पर उसे डॉक्टरों की टीम ने मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक तीन बहनों का एकलौता भाई बताया जा रहा है। इसकी खबर मिलते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वही स्थानीय पुलिस मामले की जांच में कुछ युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना को लेकर पुलिस प्रशासन एहतियातन घटना स्थल पर चौकसी बढ़ा दी है। समाचार प्रेषण तक एफआईआर की जानकारी नहीं मिल पाई थी। घटना के बाद से बाजार में दहशत फैला हुआ है। घटना को लेकर अहले सुबह खुलने वाली दुकानें भी शुक्रवार को देर खुली। हालांकि पुलिस प्रशासन ने चौकसी बढ़ा दी है।

## निरीक्षण– दरियापुर सीएचसी में सुविधाओं का किया गया मूल्यांकन

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर (सारण)।** स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दरियापुर का कायाकल्प कार्यक्रम के तहत राज्य स्तरीय टीम द्वारा निरीक्षण कर अस्पताल की सुविधाओं का मूल्यांकन किया गया। निरीक्षण टीम ने अस्पताल परिसर की स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण व्यवस्था, जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन, ओपीडी, वार्ड, लेबर रूम, शौचालय, पेयजल सुविधा तथा रिकॉर्ड संधारण सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान टीम ने अस्पताल में लागू स्वच्छता मानकों, रंग-कोडित अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली तथा हैंड हाइजीन के पालन की स्थिति का भी मूल्यांकन किया। टीम के सदस्यों ने मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार तथा अस्पताल परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने पर विशेष जोर देते हुए स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक सुझाव दिए। अस्पताल प्रबंधक रविश कुमार ने बताया कि कायाकल्प कार्यक्रम के तहत अस्पताल में नियमित मॉनिटरिंग, स्टाफ प्रशिक्षण तथा व्यवस्थाओं में निरंतर सुधार की प्रक्रिया अपनाई जा रही है, जिससे मरीजों को स्वच्छ, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। इस अवसर पर अस्पताल के चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे, जिनमें डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह,राजीव चौधरी सुधांशु रंजन सहित एएनएम व अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी शामिल थे।

## रामपुर पुल के समीप दो बाइकों की टक्कर, एक युवक की मौत, एक गंभीर

**दैनिक खोज खबर/नगरा (सारण)।** गौरा थाना क्षेत्र के रामपुर पुल के समीप शुक्रवार को दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।मृत युवक की पहचान इसुआपुर थाना क्षेत्र के नागराज सत्तासी गांव निवासी मनोज कुमार सिंह के 24 वर्षीय पुत्र कुंदन कुमार के रूप में हुई है। वहीं विनोद सिंह के 25 वर्षीय पुत्र पवन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरा लाया गया, जहां चिकित्सक ने कुंदन कुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं पवन कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया।सूचना मिलते ही गौरा थानाध्यक्ष कुमारी सिमरन अस्पताल पहुंचीं और मामले की जांच-पड़ताल की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया है।

## पटना–थावे–पटना फास्ट पैसेंजर ट्रेन की राजापट्टी व शामकौरिया स्टेशन पर ठहराव की मांग

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** भाजपा युवा मोर्चा (बिहार) के क्षेत्रीय प्रभारी राजीव कुमार तिवारी ने महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल को पत्र लिखकर आगामी 15 मार्च से शुरू हो रही पटना-थावे-पटना फास्ट पैसेंजर (55515/55516) के ठहराव की मांग की है। तिवारी ने पत्र के माध्यम से कहा कि राजापट्टी एवं शामकौरिया स्टेशनों पर ट्रेन के रुकने से क्षेत्र की बड़ी आबादी को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए प्रतिदिन पटना आने-जाने वाले हजारों यात्रियों के लिए यह ठहराव अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सांसद से इस विषय को रेल मंत्री के समक्ष रखने और आवश्यक पहल करने का आग्रह किया है ताकि स्थानीय जनता को राजधानी से सीधा जुड़ाव मिल सके।

## सारण जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने छपरा सदर अस्पताल का किया निरीक्षण

*छपरा सदर अस्पताल में मशरक के 7 लोगों का हो रहा है इलाज*



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** शुक्रवार को जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव एवं वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने आज सदर अस्पताल छपरा में जाकर मशरक के इलाजरत लोगों से मुलाकात की। अधिकारी द्वय ने सभी इलाजरत लोगों से एक एक कर उनके तबियत के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ईलाज कर रहे चिकित्सकों से सभी इलाजरत लोगों के स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी ली। सभी लोगों का ईलाज सुचारू रूप से सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। जारी ईलाज के बारे में जानकारी लेते हुये जिलाधिकारी ने सभी आवश्यक दवाओं की उपलब्धता के बारे में भी पूछताछ की। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी व्यक्ति के ईलाज में कोई भी लापरवाही नहीं होनी चाहिये। जिलाधिकारी ने सभी अस्पतालों को हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया है। सभी लोगों से अपील है कि अगर कोई भी व्यक्ति बीमार हैं तो उन्हें इलाज के लिये निकटतम अस्पताल में ले जाएं, उन्हें बेहतर ईलाज देने के लिये प्रशासन प्रतिबद्ध है।

## दिनदहाड़े एक युवक की बाइक चोरी

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** मांझी नगर पंचायत के मांझी चट्टी स्थित मछली बाजार से शुक्रवार को दिनदहाड़े एक युवक की बाइक चोरी हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मांझी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। वहीं घटनास्थल से थोड़ी ही दूर पर लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद हो गई। सीसीटीवी मे एक युवक बाइक पर सवार होकर छपरा की तरफ जाते दिख रहा हैं। पीड़ित युवक चौबाह स्थान निवासी गोलू कुमार चौधरी ने बताया कि शुक्रवार को वे मछली खरीदने हेतु मांझी चट्टी पर आए हुए थे, बाइक खड़ी कर वह बाजार में चले गए और कुछ देर बाद जब वह पहुचे तो देखा कि उनकी बाइक वहां से गायब थी। इसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को मामले की सूचना दी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ की। साथ ही सड़क पर लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है, ताकि आरोपी की पहचान की जा सके। दिनदहाड़े हुई इस बाइक चोरी की घटना से स्थानीय ग्रामीणों और आसपास के बाइक चालकों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मांझी चट्टी के आसपास अक्सर बाइक चोरी की घटनाएं होती रहती हैं। पुलिस मामले तो दर्ज करती है, लेकिन चोरों को पकड़ने में सफलता कम मिलती है। लोगों ने पुलिस अधीक्षक से क्षेत्र में बढ़ती बाइक चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने और चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

# पीड़ित परिवार से मिले सांसद प्रतिनिधि न्याय का दिलाया भरोसा

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर (सारण)।** डेरनी थाना क्षेत्र अंतर्गत पट्टी शीतल गांव में एक नाबालिग बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या कर शव को कुएं में फेंक देने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय लोगों ने सांसद राजीव प्रताप रूडी और उनके प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह को इसकी सूचना दी। सांसद के निर्देश पर भाजपा नेता सह सांसद प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार के घर पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल में मंडल अध्यक्ष मोनू कुमार सिंह, भाजपा नेता अशोक सिंह और सुमंत बाबा शामिल थे।नेताओं ने पीड़ित परिवार से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की और उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान राकेश कुमार सिंह ने कहा कि बच्ची को इंसाफ दिलाने की लड़ाई में हम सबकी जिम्मेदारी है और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर सांसद राजीव प्रताप रूडी ने भी दूरभाष पर पीड़ित परिजनों से बात कर पूरी घटना की जानकारी ली और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि परिवार को न्याय जरूर मिलेगा, कानून पर भरोसा रखें, हम सब आपके साथ हैं।बताया जाता है कि मृत बच्ची तीन बहनों और एक भाई में सबसे बड़ी थी। उसके पिता




गुजरात में मजदूरी करते हैं। इस घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है और परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता सुबोध सिंह, शिक्षक मुन्ना सिंह, अनिल सिंह, निराला, पिंटू सिंह, विजय सिंह, अमन तिवारी, रणविजय सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## एएसआई सुरेंद्र गहलोत हत्या कांड का आरोप पत्रित फिरोज को अपराधियों ने गोली मार सुला दी मौत की नींद



परवेज अख्तर/सिवान। हुसैनगंज थाना क्षेत्र हबीबनगर पंचायत के शंकरपुर निवासी फिरोज अंसारी की शुक्रवार की शाम गोसोपाली स्कूल के समीप अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर मौत के नींद सुला दी।बदमाशों ने घटना को उस समय अंजाम दिया जब फिरोज अपनी बाइक पर सवार होकर कही जा रहा था।बदमाशों ने फिरोज को तीन गोली मारी थी इसमें एक गोली फिरोज के सिर,दूसरी गोली पेट में लगी थी जबकि तीसरी गोली बदमाशों ने फिरोज के पैर में मारी लेकिन पेंट के पॉकेट में मौजूद मोबाइल में जा लगी।घटना की जानकारी होते ही स्वजन घटनास्थल पर पहुंच गए और फिरोज को आनन फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।वहीं घटना के बाद क्षेत्र में तनाव को देख पुलिस चौकसी बढ़ा दी गई है।मामले में हुसैनगंज के अपर थानाध्यक्ष अमान अशरफ ने बताया कि फिरोज अंसारी पर थाने में शराब तस्करी सहित कई मामले दर्ज हैं।मृतक के पूर्व के अपराधिक इतिहास पर प्रकाश डालते हुए यहां बताते चले की 2022 में फिरोज अंसारी की उत्तर प्रदेश से इनोवा गाड़ी में शराब लदवा कर अपने गुर्गों संग आने की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई थी।इसी सूचना के सत्यापन और कार्रवाई हेतु हुसैनगंज थाने में पदस्थापित एएसआई सुरेंद्र गहलोत निकले हुए थे तभी टीकड़ी गांव के समीप शराब तस्करों की गाड़ी को एएसआई सुरेंद्र गहलोत एवं अन्य पुलिसकर्मियों ने रोकने का प्रयास किया तो तस्करों ने सुरेंद्र गहलोत व एक चौकीदार के शरीर पर गाड़ी चढ़ा कर भागने लगे।इस बीच,दुर्घटना के बाद भाग रहे शराब तस्करों की गाड़ी कुछ दूर जाकर नहर के किनारे पलट गई। गाड़ी पलटने के बाद उसमें सवार सभी शराब तस्कर मौके का फायदा उठाकर भाग निकले थे।फानन में घायल एएसआई व एक चौकीदार को सिवान सदर अस्पताल लाया गया।जहां चिकित्सकों ने एएसआई सुरेंद्र गहलोत को मृत घोषित कर दिया था।

## माहे रमजान का आखिरी अशरा जहन्नुम की आग से निजात का है - हाफिज जमील अहमद

**परवेज अख्तर दैनिक खोज खबर/सिवान।** लकड़ी नबीगंज प्रखंड के पड़ौली गांव स्थित नूरी मस्जिद के हाफिज जमील अहमद ने माहे रमजानुल मुबारक पर फजीलत बयान करते हुए कहा कि रमजान के आखिरी अशरे की शुरुआत होते ही मुस्लिम समुदाय में एतिकाफ की खास अहमियत बढ़ जाती है।एतिकाफ का अर्थ है मस्जिद में रहकर पूरी तरह अल्लाह की इबादत में समय बिताना।यह रमजान के अंतिम दस दिनों में किया जाता है और इसे सुन्नत-ए-मुअक्कदा माना जाता है,यानी ऐसी सुन्नत जिसे पैगंबर मोहम्मद ने नियमित रूप से निभाया।एतिकाफ करने वाले लोग दुनियावी कामों से दूर रहकर नमाज,कुरान की तिलावत और दुआ में समय बिताते हैं।माना जाता है कि इसी अवधि में शब-ए-कद्र की बरकत भी मिलती है।उन्होंने कहा कि पवित्र रमजान का महीना अपने अंतिम चरण यानी तीसरे अशरे में प्रवेश कर चुका है।इस दौरान सबसे महत्वपूर्ण इबादत एतिकाफ शुरू हो गई है,जिसे लेकर मुस्लिम समुदाय में खासा उत्साह और संजीदगी देखी जा रही है।एतिकाफ का अर्थ है दुनियावी कामों को छोड़कर इबादत की नीयत से मस्जिद के भीतर एक निश्चित समय तक ठहरना।उन्होंने कहा कि हदीस के अनुसार रसूल-ए-करीम (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने फरमाया है कि जिसने रमजान के आखिरी 10 दिनों का एतिकाफ किया,उसे दो हज और दो उमराह के बराबर सवाब मिलता है।एक और हदीस उन्होंने बताया कि हजरत आयशा सिद्दीका (रजीअल्लाहु अन्हा)से रिवायत है कि हुजूर (सल्ल.)रमजान के आखिरी दस दिनों में नियमित रूप से एतिकाफ फरमाते थे।माहे रमजान का अखिरी अशरा जहन्नुम की आग से निजात का शुरू हो गया है।रमजान में इस अशरे की बड़ी अहमियत है।इससे गुनाहगारों को को गुनाह माफ कर जहन्नुम से निजात मिलती है।




## पैच डबलिंग कार्य हेतु प्री-नान इंटलाक एवं नान इंटरलाक कार्य किये जाने के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण, मार्ग में भी होगा परिवर्तन

**परवेज अख्तर दैनिक खोज खबर/सिवान।** रेलवे प्रशासन द्वारा वाराणसी मंडल के औंड़िहार-भटनी रेल खंड पर स्थित लार रोड-सलेमपुर-पिवकोल स्टेशनों के मध्य पैच डबलिंग कार्य हेतु प्री-नान इंटलाक एवं नान इंटरलाक कार्य किये जाने के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण,मार्ग परिवर्तन किया जाएगा। इस संबंध में वाराणसी मंडल जनसंपर्क पदाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि नान इंटरलाक कार्य पूर्ण होने के उपरांत इस खंड का रेल संरक्षा आयुक्त, पूर्वोत्तर परिमंडल द्वारा 25 मार्च को संरक्षा परीक्षण किया जाएगा। बताया कि मार्ग परिवर्तन में सीतामढ़ी से 18 से 25 मार्च तक चलने वाली 14005 सीतामढ़ी-आनंद बिहार टर्मिनस एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग छपरा-भटनी-मऊ के स्थान पर परिवर्तित मार्ग छपरा-फेफना-इंदारा-मऊ के रास्ते चलाई जाएगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव एकमा, चैनवा, दारौंदा, सिवान, जीरादेई, मैरवा, भाटपर रानी, भटनी, सलमेपुर एवं बेलथरा रोड स्टेशनों पर नहीं रहेगा। वहीं आनंद बिहार टर्मिनस से 22 से 24 मार्च तक चलने वाली 14006 आनंद बिहार टर्मिनस-सीतामढ़ी एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग मऊ-भटनी-छपरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मऊ- इंदारा-फेफना-छपरा के रास्ते चलाई जाएगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव बेलथरा रोड, सलमेपुर, भटनी, भाटपर रानी, मैरवा, जीरादेई, सिवान, दारौंदा, चैनवा, एकमा, स्टेशनों पर नहीं रहेगा। छपरा से 23 मार्च को चलने वाली 11060 छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग छपरा-भटनी-मऊ के स्थान पर परिवर्तित मार्ग छपरा-फेफना-इंदारा-मऊ के रास्ते चलाई जाएगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव सिवान, मैरवा, भटनी, सलमेपुर एवं बेलथरा रोड स्टेशनों पर नहीं रहेगा। छपरा कचहरी से 23 से 25 मार्च तक चलने वाली 55101 छपरा कचहरी-मऊ सवारी गाड़ी निर्धारित मार्ग छपरा-भटनी-मऊ के स्थान पर परिवर्तित मार्ग छपरा-फेफना-इंदारा-मऊ के रास्ते चलाई जाएगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव टेकनिवास से इंदारा के बीच के स्टेशनों पर नहीं रहेगा।

## भोजपुर में शादी समारोह में हर्ष फायरिंग

**एक युवक को पैर में लगी बुलेट**

**आरा(भोजपुर),एजेंसी।** भोजपुर में शादी सामोरह में हर्ष फायरिंग हुई है। एक युवक को पैर में गोली लगी है। इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल में एडमिट कराया गया है। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बरौली गांव के पास की है। घायल की पहचान चांदी इलाके के सलेमपुर गांव वार्ड-दो निवासी धर्मेंद्र कुमार(25) के तौर पर हुई है। धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि छोटे भाई बिट्टू को बुखार लगा था। दोस्त के साथ दवा लाने के लिए हसनपुरा गांव गया था। दवा लेकर वापस अपने घर लौट रहा था। बरौली गांव के पास बारात में हर्ष फायरिंग की जा रही थी। अचानक एक गोली मेरे पैर में लग गई। बुलेट लगते ही गिर पड़ा। किसी से भी मेरी दुश्मनी नहीं है। यहां तक की कोई विवाद भी नहीं है। फायरिंग किसने की है, ये पता नहीं चल सका है।ऑपरेशन करके बुलेट निकाला : वहीं, हॉस्पिटल में ऑन ड्यूटी डॉक्टर सूर्यकांत निराला ने बताया कि बुलेट पैर के हड्डी में फंसी हुई थी। जिसके कारण खून काफी बह गया था।



# जुमातुलविदा: रमजान का अंतिम जुमा होने के कारण मस्जिदों में उमड़ी भीड़

## जुमातुलविदा पर रोजेदारों ने मांगी मुल्क में अमन व तरक्की की दुआ

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** पवित्र माह रमजान के अंतिम जुमा (जुमातुल विदा) की नमाज जिले की तमाम मस्जिदों में अकीदत के साथ अदा की गयी. रोजेदारों ने जुमा की दो रेकत फर्ज अदा करने के साथ ही हर खास-व-आम के हक में दुआ किया और मुल्क के अमन और तरक्की की खास तौर से दुआएं मांगी. अलविदा-अलविदा की सदाओं से रोजेदारों के आँखें नम हो गयीं और रमजान के जाने का गम तमाम रोजेदारों पर साफ तौर से नजर आने लगा. जमातुल विदा में नमाज़ियों की भीड़ को देखते हुए मस्जिद के इंतेजामिया ने जानेमाज, चटाई, दरी, टेंट आदि की विशेष व्यवस्था किया था. इस के बावजूद मस्जिदों में नमाजियों के लिए जगह की कमी महसूस की गयी. पहली अजान के साथ ही मस्जिदों में रोजेदारों के आने का सिलसिला शुरू हुआ और नमाज के पहले तक जारी रहा. तमाम मस्जिदों के इमाम व खतीब ने रमजान की फजीलत और इस की अहमियत बयान किया और लोगों को रमजान के बाद भी परहेज और नमाजों की पाबन्दी करने की तलकीन की. मौके पर उन्होंने ने कहा कि रमजान इंसान को परहेजगार और मुत्तकी बनाता है. पूर्व काजी-ए-शहर मौलाना डॉ वलीउल्लाह कादरी ने कहा कि जुमातुल विदा भी आम जुमा की तरह है इस का भी सवाब दीगर जुमा की तरह ही है. लेकिन ये जुमा रमजान के आखरी अशरे में होता है. इस लिए इसकी अहमियत बढ़ जाती है. शहर के करीमचक, खनूआ, साहेबगंज, छोटा तेलपा, बड़ा तेलपा, रौजा, दहियावां, नई बाजार, भगवान बाजार, गड़हीतीर, कटरा, गुदरी, नबीगंज, जालालपुर, ब्रह्मपुर सहित कई मुहल्लों समेत जामा मस्जिदों में नमाज अदा करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी. रमजान के आखरी जुमा के कारण बड़ी तादाद में बुजुर्ग व बच्चों ने भी रोजे रखे और मस्जिद में आकर नमाज अदा की. जामा मस्जिद में मौलाना नेसार अहमद मिस्बाही, मौला मस्जिद में मौलाना जाकिर, शिआ मस्जिद में मौलाना सैयद मासूम रजा, बड़ा तेलपा में मौलाना रज्जबुल कादरी, इमली मुहल्ला मस्जिद में मौलाना साबिर कासमी आदि ने अपने खुतबों में रमजान के विदा होने पर कहा कि नेकी बटोरने के महीने के गुजरने पर नेक बंदों को दुख होता है.



## पत्रकार की दिवंगत माता जी के श्राद्धकर्म में पहुंचे कई गणमान्य, दी श्रद्धांजलि



**दैनिक खोज खबर/जलालपुर (सारण)।** प्रखंड के हसुलाहीं निवासी और प्रभात खबर के जलालपुर संवाददाता व शिक्षक अमित प्रकाश गिरी की माताजी दिवंगत गिरिजा देवी के श्राद्धकर्म पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में जिले के कई गणमान्य पहुंचे। सभी ने उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए उन्हें महान समाजसेवी व धार्मिक विचारक बताया।वे ग्रामीण महिलाओ के बीच काफी लोकप्रिय थीं।श्रद्धांजलि सभा में प्रखंड प्रमुख अखिलेश्वर पासवान,सांसद पुत्र डॉं राज सिग्रीवाल,जलालपुर थाना अध्यक्ष राजेश कुमार कोपा थाना अध्यक्ष पिंटू कुमार,बीडीसी व पूर्व उपप्रमुख संजय नेता अखिलेश्वर पांडेय शिक्षक नेता डॉ राजेश यादव, शिक्षक नेता उदय शंकर गुड्डू,पत्रकार पवन कुमार सिंह, पत्रकार गजेंद्र कुमार यादव, पत्रकार देवेंद्र मिश्रा,पत्रकार हिमांशु कुमार , पत्रकार विकास गिरि राकेश गिरि,मुकेंद्र कुमार सिंह,डॉ रामेश्वर प्रसाद, मिंटू कुमार सिंह, ओमप्रकाश गिरि, धर्मेन्द्र कुमार मनीष कुमार सिंह डी पी एस,रोहित कुमार सिंह सहित कई अन्य भी उपस्थित थे।

## 24 घंटे अखंड अष्टयाम पूजा के लिए निकाली गई भव्य शोभायात्रा



**दैनिक खोज खबर/गड़खा (सारण)।** शुक्रवार को गरखा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत जलाल बसंत अंतर्गत भोलेबाबा अखंड अष्टयाम पूजा समिति, जलाल बसंत (बाघमारा) के तत्वावधान में भोलेबाबा मंदिर के प्रांगण में आयोजित 24 घंटे अखंड अष्टयाम पूजा के लिए घोड़े, बैंड-बाजे, झांकी व डीजे की धुन पर झूमते-गाते सैकड़ों महिलाओं -पुरूषों के साथ भव्य जलभरी शोभायात्रा निकाली गई. शोभायात्रा की शुरुआत अष्टयाम स्थल भोलेबाबा मंदिर प्रांगण से मोहरमपुर, सुरेंद्र चौक बंगारी, नारायणपुर, जगदीशपुर, जलाल बसंत होते हुए ठाकुरबाड़ी बसंत पंहूंची जहां आचार्य अनिल तिवारी एवं विरेंद्र तिवारी द्वारा मंत्रोच्चारण के बीच आमी दिघवारा से लाई गई गंगाजल सभी श्रद्धालुओं के कलश में जलभरी हुई.मौके पर आचार्य अनिल तिवारी ने कहा कि सभी लोग एकजुट होकर तन-मन-धन से लगकर अखंड अष्टयाम पूजा के लिए तत्पर रहते हैं. ग्रामीण इलाकों में एकता, भाईचारा, प्रेम व सामाजिक सद्भाव बढ़ने के साथ आसपास का वातावरण शुद्ध होता है एवं पूजा में शामिल सभी श्रद्धालुओं के मन को शांति मिलती है. धार्मिक, वैज्ञानिक व सामाजिक नजरों से भी हमारे लिए बेहद फायदेमंद साबित होता है. इसलिए समय-समय पर ऐसे सामाजिक व धार्मिक आयोजन होने चाहिए.आयोजकों ने बताया कि अष्टयाम समापन तिथि 15 मार्च को रात्रि में शानदार दुगोला रामायण हेमंत गिरी एवं टूनटून यादव÷ के बीच रखा गया है। शोभायात्रा में मुख्य रूप से मुख्तार राय, युवा नेता राहुल कुमार यादव, श्यामबाबू यादव, दशरथ राय, बीडीसी जयप्रकाश राम, शंभू राय, रविंद्र राय, शिवकुमार राय, रामप्रवेश राय, योगिंद्र राय, मदन यादव, अरविंद कुमार अनिल राय, नागेंद्र राय, अजीत शर्मा, ज्ञानेश्वर राय, सुरेश राय, बिजेंद्र राय, सुनील राय, हकीम राय, ओमप्रकाश राय, ओमान, सहित सैकड़ों मौजूद थे।

## बीडीओं ने रेफरल अस्पताल तरैया का किया अचौक निरीक्षण



**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखण्ड मुख्यालय के बगल में स्थित रेफरल अस्पताल का शुक्रवार को तरैया बीडीओं विभु विवेक ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें ड्यूटी रोस्टर के अनुसार तीन में से दो चिकित्सक अनुपस्थित मिले। बीडीओ विभु विवेक ने बताया कि शुक्रवार को रेफरल अस्पताल तरैया का अचौक निरीक्षण किया गया। रोस्टर में तीन चिकित्सकों की तैनाती हुई थी। लेकिन निरीक्षण के समय केवल डॉ. प्रियंका ही मरीजों का उपचार करती हुई पाई गईं। अन्य दो चिकित्सक अपने कक्ष से अनुपस्थित थे। चिकित्सकों की अनुपस्थिति के संबंध में अस्पताल प्रबंधन से पूछताछ करने पर बताया गया कि एक चिकित्सक की ड्यूटी छपरा में लगी हुई है, जबकि दूसरे चिकित्सक आधिकारिक अवकाश पर हैं। चिकित्सकों की कमी के बावजूद, बीडीओ ने अस्पताल के अन्य विभागों और साफ-सफाई का भी जायजा लिया। उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि उपस्थिति के मुद्दे को छोड़कर अस्पताल की बाकी व्यवस्थाएं और कामकाज संतोषजनक पाए गए हैं। उन्होंने ड्यूटी पर मौजूद कर्मियों को स्वास्थ्य सेवाओं में कोई कोताही न बरतने और मरीजों को बेहतर सुविधाएँ प्रदान करने का निर्देश दिया।

## सड़क हादसे में 6 साल के बच्चे की मौत

### दरभंगा में तेज रफ्तार पिकअप ने रौंदा

**दरभंगा,एजेंसी।** दरभंगा में तेज रफ्तार पिकअप ने 6 साल के बच्चे को रौंद दिया। मौके पर ही बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान अनुज कुमार दुखराम वार्ड नंबर-10 निवासी अशोक पासवान के पुत्र अनुज कुमार के तौर पर हुई है। घटना बहेड़ा थाना क्षेत्र की है। चाचा आशीष कुमार पासवान ने बताया कि गुरुवार रात भोज खाकर घर लौट रहा था। परिवार के लोग आगे बढ़ गए थे, वो थोड़ा पीछे रह गया था। इस दौरान कड़ियाही टोल के पास पीछे से आ रही पिकअप ने टक्कर मार दी। राहगीर ने बताया कि बच्चे को पीछे किसी वाहन ने टक्कर मारी है। जिसके बाद मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में बेनीपुर अनुमंडलीय अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घर का आर्थिक हालत ठीक नहीं है। पिता मजदूरी करते हैं। परिजनों ने सरकार से मुआवजे की मांग की है।सड़क हादसे में बच्ची घायल : वहीं, दूसरी ओर 7 साल की बच्ची को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। परिवार के सदस्यों के साथ ईद की खरीदारी करने सुरचट्टी जा रही थी। रोड क्रॉस करने के दौरान हादसा हुआ है। घायल की पहचान नपती वार्ड नंबर-2 निवासी मो. नजीबुल की पुत्री सना परवीन के तौर पर हुई है। इलाज के लिए डीएमसीएच में एडमिट कराया गया है। हालत गंभीर बनी हुई है।

